पत्र संख्या–वन भूमि–14/2019– 2239 व0प0

**झारखण्ड सरकार**

**वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग**

प्रेषक,

सुनील कुमार,
विशेष कार्य पदाधिकारी।

सेवा में,

सचिव,
भारत सरकार,
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्त्तन मंत्रालय,
इन्दिरा पर्यावरण भवन, अलीगंज, जोर बाग रोड,
नई दिल्ली–110003

राँची, दिनांक– 20/06/2019

विषयः– मेसर्स इलेक्ट्रोस्टील स्टील्स लिमिटेड हेतु 184.23 हे0 (174.39 हे0 अतिक्रमित एवं 9.84 हे0 अक्षत) वन भूमि अपयोजन का प्रस्ताव के संबंध में।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयगत परियोजना के संबंध में प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, राँची के पत्रांक–463 दिनांक–26.04.2019 एवं पत्रांक–622 दिनांक–03.06.2019 से प्राप्त मूल प्रस्ताव एवं प्रतिवेदन की छायाप्रति (सभी अनुलग्नकों सहित) सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु संलग्न है। मुख्य वन्यप्राणी प्रतिपालक, झारखण्ड का मंतव्य प्राप्त होने के उपरान्त अलग से भेजी जाएगी।

उक्त प्रस्ताव पर राज्य सरकार के निर्णयानुसार निम्नांकित शर्तों के साथ अनुशंसा की जाती है :–

1. वनभूमि की वैधानिक स्थिति यथावत् रहेगी।
2. माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के अनुरुप प्रयोक्ता अभिकरण से NPV वसूलनीय होगी।
3. प्रस्तावित वनभूमि के समतुल्य गैर वन भूमि को वन विभाग के पक्ष में Transfer/mutation प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा करवाया जाएगा।

4. प्रस्तावित वन भूमि के समतुल्य गैर वन भूमि पर क्षतिपूरक वनरोपण की राशि प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा देय होगी।

5. प्रस्तावित वन भूमि पर वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 के उल्लंघन के आलोक में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के पत्र संख्या–F.No.11-42/2017-FC दिनांक–29.01.2018 द्वारा अधिरोपित शर्त्तों का अनुपालन प्रयोक्ता अभिकरण को बाध्यकारी होगा।

6. यदि मुख्य वन्यप्राणी प्रतिपालक के मंतव्य के आलोक में शर्त्त का अधिरोपण किया जाएगा, तो इसका अनुपालन प्रयोक्ता अभिकरण को बाध्यकारी होगा।

7. अन्य मानक शर्त्तों का अनुपालन प्रयोक्ता अभिकरण को बाध्यकारी होगा।

कृपया विषयक प्रस्ताव पर अग्रत्तर कार्रवाई करने की कृपा की जाय।

अनु0–यथोक्त।

विश्वासभाजन

20/6/19

(सुनील कुमार)
विशेष कार्य पदाधिकारी

# PART – V

**(To be filled by the Secretary in Charge of Forest Department or by any other authorized officer of the State Government not below the rank of an Under Secretary)**

*Diversion/Regularization of 184.23 ha of Forest Land for Electrosteel Steels Limited under Bokaro Forest Division.*

## 18. Recommendation of the State Government

(Adverse comments made by any officer of authority in Part- B or Part – C or Part- D above should be specifically commented upon)

***Recommended for diversion of 184.23 ha of forest land with conditions as stated in the forwarding letter no.*** 2239 ***dated-*** 20/06/2019

20/6/19

Signature :

Name & Designation : Sunil Kumar
(O.S.D)
Forest, Environment & Climate Change Department

विशेष कार्य पदाधिकारी
वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग
झारखण्ड, राँची

Date : ....................

Place : Ranchi

(Official Seal)